दैनिक
# पदमावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•
www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 229 • मुंबई, रविवार, 28 अप्रैल, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

## कर्ज चुकाने पर भतीजे ने अपनी ही बुआ के जेवरात को किया चोरी, हिरण मगरी पुलिस ने किया गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार थाना हिरण मगरी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना और तकनीकी सहायता से एक जेवरात चोरी कर भागे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी विजेन्द्र कुमार सुथार पुत्र पुरषोत्तम लाल निवासी गाँव दरोली पुलिस थाना डबोक जिला उदयपुर ने अपनी बुआ नोजी बाई प|ि स्व. रामबक्श के घर से 03 तोला सोने व 46 तोला चांदी के आभूषण चुराए थे। जिसको लेकर पुलिस सरगर्मी से अभियुक्त की तलाश कर रही थी वहीं पुलिस की सक्रियता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और जब उससे पुछताछ की गई तो उसने उक्त जेवरात अपना कर्जा चुकाने हेतु चोरी करना बताया और पुलिस सभी जेवरातों को बरामद कर लिया है फिलहाल पूरे मामले आरोपी के विरुद्ध प्रकरण संख्या 168/2024 धारा 380 भा.द.स. में थाना हिरणमगरी पर दर्ज कर लिया गया और आगे की कार्यवाही में अब पुलिस जुटी हुई है।

## आपस में भिड़े दो ट्रेलर, ड्राइवर-खलासी घायल



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र में शनिवार को दो ट्रेलर की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक ट्रेलर चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर खोखरिया नाल सुरंग के पास घटी। जानकारी के अनुसार गोगुन्दा से पिण्डवाड़ा की ओर जा रहे सीमेंट से भरे ट्रेलर के आगे अचानक गाय आ गई। ऐसे में ट्रेलर चालक ने गाय को बचाने के चक्कर में तुरंत ब्रेक लगा दिया।

पीछे से तेज रफ्तार आ रहे पत्थरों से भरे ट्रेलर चालक ने भी अपना संतुलन खो दिया और आगे चल रहे सीमेंट से भरे ट्रेलर से टकरा गया। हादसे में पत्थर लेकर आ रहे ट्रेलर चालक और उसके खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। ड्राइवर का केबिन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। ग्रामीण व राहगीरों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग टीम के भगवत सिंह झाला मौके पर पहुंचे और हाईवे एम्बुलेंस की मदद से गंभीर घायल को हॉस्पिटल पहुंचाया। वहीं हादसे की सूचना पर बेकरिया पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस ने हाईवे टीम की मदद से बीच रास्ते से खड़े दोनों ट्रेलर को हटाकर किनारे कराया। जिससे ट्रेफिक व्यवस्था में परेशानी नहीं हो।

## मुनि श्री 108 पुण्यसागर महाराज एवं 19 पिछी ससंघ का हुआ मंगल प्रवेश, चल समारोह निकला

# जीवन में शांति प्राप्त करने के लिए ही हम सभी परमात्मा के चरणों में पहुंचते हैं - मुनि श्री 108 पुण्यसागर महाराज

पदमावत मीडिया







**बड़नगर/मध्य प्रदेश ।** मंदिर में आकर हम प्रतिदिन धर्म की आराधना, उपासना, साधना किया करते हैं। मंदिर में आने का हमारा मकसद यही है कि हम अपने जीवन में अशांत है, चारो ओर वातावरण प्रदूषित दिखाई दे रहा है। हमारे घर के अंदर का वातावरण भी मंगलकारी नहीं है।जहां निरंतर टेलीविजन की गूंज, मोबाइल की घंटियां सुनाई देती है और विषय कसायों का वातावरण दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति का मानस अशांत बना हुआ है। जीवन में शांति प्राप्त करने के लिए ही हम सभी परमात्मा के चरणों में पहुंचते हैं कि थोड़ी देर उनके चरणों में बैठकर अपने जीवन में शांति प्राप्त कर ले। इस भावना को लेकर के हम परमात्मा के मंदिर में आते है बाकी हमारा अन्य कोई उद्देश्य नहीं है। जब हम परमात्मा की मुख मुद्रा के दर्शन करते है तो वहां पर एक अभूतपूर्व शांति हमें अपने जीवन के अंदर मिला करती है। वैसे तो सवेरे उठ कर हम ना जाने कितने व्यक्तियों का चेहरा देखते हैं लेकिन जितने चेहरे देखने में आते हैं सब के सब उदास और दुखी दिखाई होते है ।दुनिया में मात्र दो चेहरे एक तो परमात्मा का मुख और दूसरा हमारे साधु संतों का मुख जो सदा प्रसन्न मुद्रा में देखने को मिलते है और जिसे देखने से अलग ही शांति मिलती है। यह बात परम पूज्य मुनि श्री 108 पुण्यसागर महाराज ने शनिवार को महाराणा प्रताप चोक स्थित श्री शांतिनाथ भगवान के मंदिर में धर्मसभा में प्रवचन के रूप में कही। मुनिश्री ने आगे कहा कि 24 वर्ष पूर्व आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के साथ बड़नगर में आना हुआ था। आज पुनः यहां के अति प्राचीन भव्य जैन मंदिरों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बड़नगर समाज धार्मिक समाज है। बडनगर का नाम जैसा सुना है वैसा ही आज देख भी लिया है।

**मंगल प्रवेश पर निकला भव्य चल समारोह**

परम पूज्य वरिधि आचार्य श्री 108 वर्धमानसागर महाराज के परम शिष्य वात्सलय मूर्ति मुनिश्री 108 पुण्यसागर महाराज एवं 19 पिछी ससंघ का मंगल प्रवेश 27 अप्रैल शनिवार को प्रातः 08 बजे पार्श्वनाथ उधान महावीर मार्ग बड़नगर से हुआ। मंगल प्रवेश में नगर में पूर्व से विराजमान परम पूज्य 105 गणिनी आर्यिका सौहार्दमति माताजी, परम पूज्य आर्यिका विप्रभमति माताजी भी उपस्थित थे। मुनि संघ की आगवानी अभय टोंग्या न.पा.अध्यक्ष, श्याम शर्मा भाजपा अध्यक्ष, डां नरेंद्रसिंह राजावत, राजेंद्र अग्रवालने की। जिसमे विधासिंधु बच्चों का घोष, बाजे और आगे जैन समाज की ध्वजा लहरा रही थी। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ शिवाजी रोड स्थित दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मंदिर, गांधी चोक स्थित चंदाप्रभु मंदिर होते हुए महाराणा प्रताप चोक स्थित शांतिनाथ मंदिर पर पहुंचा। जहा मुनिश्री ने धर्मसभा को संबोधित किया। इसके पूर्व थांदला से पधारे समाज जनो ने दीप प्रज्वलन किया। समाज के वरिष्ठ त्रिलोकचंद पाटनी, अशोक गोधा, सुशील गोधा, अशोक शाह, संजय बिलाला, विमल वीनायका, मनीष टोंग्या, जितेन्द्र कासलीवाल, दीपक बिलाला, अशोक बिलाला, संजय पाटनी आदि ने श्री फल भेट कर आचार्यश्री एवम श्रीसंघ का स्वागत किया। स्वागत भाषण शरदचंद्र अग्रवाल ने दिया। मंगलाचरण प्रियंका टोंग्या, संचालन अजीत टोंग्या ने किया। मुनि श्री 108 पुण्यसागर महाराज एवं 19 पिछी ससंघ का शनिवार शाम को ही नगर से बदनावर की और विहार भी हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। जानकारी मनीष टोंग्या ने दी।

# 5 हजार के इनामी को जयपुर में पकड़ा, नकबजनी के मामले में था वांछित



पदमावत मीडिया

**चूरू ।** जिले के थाना बीदासर पुलिस की टीम ने नकबजनी के मामले में गत वर्ष से फरार आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गौरु सोनी पुत्र सत्यनारायण (24) निवासी इंद्रबाबा की बगीची के सामने (थाना सुजानगढ़) को जयपुर में थाना झोटवाड़ा इलाके में भगवती रेजिडेंसी के पास से डिटेन कर गिरफ्तार किया है।

एसपी जय यादव ने बताया कि आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गौरु गत वर्ष थाना बीदासर में हुई नकबजनी के मामले में वांछित चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर उनके कार्यालय से 5 हजार का इनाम रख अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सीओ प्रहलाद राय के सुपरविजन एवं एसएचओ कैलाश चंद्र के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम द्वारा आरोपी की तलाश में विशेष प्रयास किए गए। अथक प्रयास, परंपरागत आसूचना तंत्र एवं साइबर टीम चूरू के सहयोग से इनामी अपराधी चंद्र प्रकाश उर्फ गौरु को टीम ने जयपुर में झोटवाड़ा इलाके से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जिससे चोरी के माल एवं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

इस कार्रवाई में एएसआई रतनलाल, हैड कांस्टेबल अविना, कांस्टेबल सुभाष, राम रतन, कमलेश, छगन लाल एवं साइबर सेल से हैड कांस्टेबल भागीरथ शामिल थे। जिसमें कांस्टेबल सुभाष की विशेष भूमिका रही है।

# मुस्कान क्लब यूथ रिविजिटेड मे नरेश कुमार वेयर ने सितार पर राग चारुकेशी व फिल्मी धुनों से समां बाधा

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिनाम आकाशवाणी - दूरदर्शन कलाकार व महाराणा भगवत सिंह मेवाड़ द्वारा सम्मानित नरेश कुमार वेयर ने आज मुस्कान क्लब यूथ रिविजिटेड मे सितार पर राग चारुकेशी प्रस्तुत कर समां बांध दिया । राग चारुकेशी अपेक्षाकृत नया राग है जिसे दक्षिण भारतीय संगीत पद्धति से लिया गया है। यह बहुत ही मधुर राग है धैवत और निषाद कोमल होने के कारण यह राग उत्तरांग मे अनूठी सुन्दरता दर्शाता है। नरेश जी ने राग में आलाप, विलंबित बंदिश, स्वर विस्तार, लयकारी, तानबाजी, द्रुत बंदिश, विस्तार, तानबाजी, झाला आदि का प्रस्तुतिकरण कर समां बांध दिया। साथ ही पुरानी फिल्मों के निम्न मधुर धुनें सनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया » किसी राह मे किसी मोड पर । बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन । रिमझिम गिरे सावन । आ जा सनम मधुर चांदनी । रमैया वस्ता मैय्या ।ये दिल तुम बिन कहीं लगाता नहीं । अजी रुठ कर अब कहां जायेगा। ऐहसान तेरा होगा मुझ पर । तबले पर संगत अखिलेश शर्मा ने कि जो मूलतः महाकाल नगरी उज्जैन के प्रसिद्ध सगींत घराने के वंशज है । ये पांच भाई है जो शर्मा बंधुओ के नाम से विख्यात है। इन्होने देश के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायकों एवं वाध्य कलाकारों के साथ देश के



मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दी है। मीडिया प्रभारी प्रो विमल शर्मा ने बताया कि ओरिएंटल पैलेस के इनारा सभागार मे आयोजित इस शनिवारीय विशेष कार्यक्रम कि शुरुआत इश वंदना , दीप प्रज्वलन व क्लब के पदाधिकारियों द्वारा नरेश कुमार वेयर व अखिलेश शर्मा का पगड़ी शाल उपरणा व मोमेंटो देकर सम्मान से हुई । साथ ही अप्रेल माह मे जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ मना रहे सदस्यों का बहुमान कर सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की गइ। कार्यक्रम का समन्वयन के के त्रिपाठी व चंद्रशेखर परसाई ने किया व संचालन डा. नरेश शर्मा ने किया। आभार सूरजमल पोरवाल ने व्यक्त किया।

## उदयपुर डांस फेस्टिवल का रंगारंग आगाज आज जुटेंगी शहर की प्रतिभाएं, होंगी विविध प्रतियोगिताएं

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** झीलों की नगरी उदयपुर के नृत्य प्रेमियों के लिए एम स्क्वेयर प्रोडक्शन एंड इवेंट्स, कत्थक आश्रम और अर्बन स्क्वायर मॉल के साझे में अर्बन स्क्वायर मॉल में उदयपुर डांस फेस्टिवल का रंगारंग आगाज रविवार 28 अप्रैल को होगा। इस फेस्टिवल में केयर हेल्थ इंश्योरेंस और एज्यू ग्रोथ भी सहभागिता कर रहे हैं।

आयोजन सचिव प्रांजल शर्मा ने बताया कि फेस्टिवल को लेकर करीब 400 एंट्री प्राप्त हो चुकी हैं। यह फेस्टिवल दो पारियों में होगा जिसमें सुबह के समय में प्रतियोगिताएं होंगी और शाम को डीजे पार्टी आयोजित की जाएगी। एम स्क्वेयर प्रोडक्शन एंड इवेंट्स के मुकेश माधवानी ने बताया कि यह फेस्टिवल उदयपुर की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ ही नई विधा भी सीख पाएंगे। कत्थक आश्रम की चंद्रकला चौधरी ने बताया कि उदयपुर डांस फेस्टिवल में बॉलीवुड, पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी सहित सांस्कृतिक नृत्य की भी प्रतियोगिताएं होंगी। फेस्टिवल में हर वर्ग के लोग हिस्सा ले रहे हैं।

## समस्त वाहनों पर 30 जून तक हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाना अनिवार्य

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** एक अप्रेल 2019 से पहले खरीदे गए समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के लिए अंतिम तिथि 30 जून है। प्रादेषिक परिवहन अधिकारी नेमीचन्द पारीक ने बताया कि वाहन स्वामियों अभी भी 1 अप्रेल 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में बड़ी संख्या में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगवाई है। अभी भी वाहन स्वामी पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए एसआईएएम के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रेल 2019 से पहले उपलब्ध नम्बर प्लेटों के साथ आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती थी या उन्हें आसानी से हटाया जा सकता था। ऐसे में पुलिस एवं परिवहन अधिकारियों को किसी अपराध में संलिप्त वाहनों को ट्रेक करना मुष्किल हो जाता था।

# उदयपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 66.66 प्रतिशत मतदान दर्ज

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को उदयपुर में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि देर शाम तक चले मतदान के दौर के बाद प्राप्त आंकड़ों के अनुसार उदयपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 66.66 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। यहां कुल पंजीकृत 2230971 मतदाताओं में से 1487268 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर फर्ज निभाया। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में आहुति देने में महिलाएं पुरूषों से आगे रही। यहां महिलाओं का मतदान प्रतिशत 68.01 रहां, वहीं पुरूषों की भागीदारी 65.36 रही। सिर्फ उदयपुर शहर एवं ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं की अपेक्षा पुरूषों का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। संसदीय क्षेत्र में विधानसभावार आंकड़ों के अनुसार गोगुन्दा विधानसभा में कुल 267029 मतदाताओं में से 174498 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए कुल 65.35 प्रतिशत मतदान में 64.16 प्रतिशत पुरूष व 66.59 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झाड़ोल में कुल 276509 मतदाताओं में से 207532 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए कुल 75.05 प्रतिशत मतदान में 74.68 प्रतिशत पुरूष व 75.45 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने वोट डाला। यहां 3 मे से 2 ट्रांसजेंडर मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खेरवाड़ा में कुल 299934 मतदाताओं में से 191008 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए 63.68 प्रतिशत मतदान में 59.97 प्रतिशत पुरूष व 67.55 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उदयपुर ग्रामीण विधानसभा में कुल 290922 मतदाताओं में से 202265 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए 69.53 प्रतिशत मतदान में 70.96 प्रतिशत पुरुष व 68.07 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इसी प्रकार उदयपुर शहर विधानसभा में कुल 249915 मतदाताओं में से 162881 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए 65.17 प्रतिशत मतदान में 67.08 प्रतिशत पुरूष व 63.25 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां 10 मे से 1 ट्रांसजेंडर मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सलूंबर विधानसभा में कुल 296443 मतदाताओं में से 18 6415 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए कुल 62.88 प्रतिशत मतदान में 61.39 प्रतिशत पुरुष व 64.43 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। धरियावद विधानसभा में कुल 277482 मतदाताओं में से 192444 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए कुल 69.35 प्रतिशत मतदान में 67.13 प्रतिशत पुरुष व 71.63 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां 1 मात्र ट्रांसजेंडर मतदाता ने अपना मत दिया। आसपुर विधानसभा में कुल 272737 मतदाताओं में से 170225 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए कुल 62.41 प्रतिशत मतदान में 57.99 प्रतिशत पुरुष व 66.97 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**सर्वाधिक व न्यूनतम मतदान वाले बूथ**

उदयपुर संसदीय क्षेत्र की झाड़ोल विधानसभा के हडमत मतदान केन्द्र पर सर्वाधिक 92.53 प्रतिशत एवं गोगुन्दा के बड़गांव के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडिया स्कूल के रूम नंबर 12 मतदान केन्द्र पर सबसे कम मतदान हुआ।

गोगुन्दा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 88.25 प्रतिशत मतदान पराया की भागल और सबसे कम 32.78 प्रतिशत मतदान बड़गांव के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडिया स्कूल के रूम नंबर 12 मतदान केन्द्र पर हुआ। झाड़ोल विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 92.53 प्रतिशत मतदान हडमत और सबसे कम 50.56 प्रतिशत मतदान माल मतदान केन्द्र पर हुआ। खेरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 91.53 प्रतिशत मतदान जोधपुरिया दाया भाग और सबसे कम 47.67 प्रतिशत मतदान पालिया मतदान केन्द्र पर हुआ। उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 90.72 प्रतिशत मतदान रायता और सबसे कम 47.27 प्रतिशत मतदान राउमावि तितरड़ी के रूम नंबर 9 मतदान केन्द्र पर हुआ। इसी प्रकार उदयपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 84.17 प्रतिशत मतदान श्री वर्धमान तपशाला भूतमहल और सबसे कम 51.62 प्रतिशत मतदान राउमावि देवाली के रूम नंबर 4 मतदान केन्द्र पर हुआ। सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 83.74 प्रतिशत मतदान राउमावि चटपुर और सबसे कम 38.05 प्रतिशत मतदान जावद दाया भाग मतदान केन्द्र पर हुआ। धरियावाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 89.43 प्रतिशत मतदान भूंगाभाट व सबसे कम 47.81 प्रतिशत मतदान धावड़ी बाया भाग मतदान केन्द्र पर हुआ। आसपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 84.53 प्रतिशत मतदान देवपुरा और सबसे कम 43.77 प्रतिशत मतदान कतिसर पूर्वी भाग मतदान केन्द्र पर हुआ।

## 21वीं सदी मेरा गांव बिछीवाडा आस्था कि नगरी का विकसित मॉडल

पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत के मार्गदर्शन में फॉस्टर/श्रीकल्याणेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट के सानिध्य 21वीं सदी में विकसित भारत राष्ट्रीय शोध प्रतियोगिता में स्थानी स्तर पर 21 वीं सदी का मेरा गांव बिछीवाडा का विकसित मॉडल मे शोध पत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ ललित नारायण आमेटा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत के अनुसार 21वीं सदी में मेरे भारत का विकसित राष्ट्रीय शोध पत्र प्रतियोगिता का आयोजन डिजिटल माध्यम से किया गया। डिजिटल माध्यम से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिला कलेक्टर मावली से मनसुख राम डामोर एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति मावली से शैलेंद्र खिंची डिजिटल माध्यम से भुमिका निभाई। 21वीं सदी में विकसित भारत में बिछीवाडा का विकसित मोडल में पर्यावरण, चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन, सामाजिक समाज उत्थान को लेकर गजेंद्र मालवीय एवं वार्ड पंच रोशन लाल भगोरा ने शोध पत्र प्रस्तुत कर ए ग्रेड प्राप्त की। 21वी सदी का बिछीवाडा आस्था कि नगरी में विकसित मॉडल) राष्ट्रीय पुस्तक '21वीं सदी में मेरा विकसित भारत' में प्रकाशित किया जाएगा एवं भारत सरकार को प्रेषित कर बिछीवाड़ा को विकसित भारत निर्माण में जोड़ा जाएगा।

## साक्षी सेन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया तथा सभी ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ/मंदसौर ।** पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि बाकानेर में कक्षा आठवीं के परीक्षा परिणाम में कुमारी साक्षी पिता दीपक सेन ने 91.35 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान , कुमारी डाली नाथ पिता हुकुम नाथ ने 88.33 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कुमारी चांदनी पिता कमलेश पाटीदार ने 87.6 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण सूर्यवंशी , विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश रावल, संस्था प्राचार्य श्रीमती किरण वास्केल, बीएसी देवेंद्र सिंह सोलंकी, जन शिक्षक तेजालाल पंवार एवं समस्त विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐ की। यह जानकारी विश्वजीत सेन बाकानेर ने दी ।

# संसदीय क्षेत्र में 14.44 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया

## जालोर जिले में 62.65 प्रतिशत व सिरोही जिले में 63.33 प्रतिशत रहा मतदान

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** लोकसभा आम चुनावों के तहत जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 62.89 प्रतिशत मतदान हुआ । जिसमें आठ विधानसभाओं में कुल 22 लाख 97 हजार 328 मतदाताओं में से 14 लाख 44 हजार 866 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जालोर संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 62.89 प्रतिशत मतदान हुआ । जिसमें जालोर जिले में 62.65 प्रतिशत व सिरोही जिले में 63.33 प्रतिशत मतदान रहा। वही सर्वाधिक मतदान पिण्डवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 67.22 प्रतिशत तथा सबसे कम आहोर विधानसभा में 57.01 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार जालोर विधानसभा में 63.19 प्रतिशत भीनमाल विधानसभा में 62.38 प्रतिशत, सांचौर विधानसभा में 66.14 प्रतिशत, रानीवाड़ा विधानसभा में 63.95 प्रतिशत, सिरोही विधानसभा में 58.10 प्रतिशत व रेवदर विधानसभा में 65.84 प्रतिशत मतदान हुआ।

# खटीक समाज के नए राष्ट्रीय संगठन का गठन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन का गठन शनिवार को संस्थापक जय निमावत की अध्यक्षता में स्थानीय कार्यालय में सम्पन्न हुआ। संस्थापक निमावत ने खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन का विस्तार करते हुए आकाश बागड़ी को राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूरण चौहान को राष्ट्रीय महामंत्री, राजेश खटीक उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री विजय निमावत, प्रचार संयोजक विष्णु चंदेल, प्रिंस निमावत, प्रिंस बागड़ी, दीपेश चौहान, नरेश खटीक, लालचंद खटीक, रूपेश निमावत को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि नए संगठन में समाज को शिक्षा में आगे बढ़ाना, समाज में युवाओं को रोजगार में मदद करना, सरकारी की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना, समाज में असहाय, गरीबों को आगे बढ़ाने, समाज में बिखरा हुए समजजनों को एक माला में पिरोने का कार्य करेंगे। उन्होने बताया कि सबसे जरूरी कार्य समाज के लिए नि» शुल्क एम्बुलेंस की सुविधा करवाएंगें। साथ ही समय-समय पर नि» शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही आगामी बैठक में खटीक समाज महिला मण्डल का गठन किया जाएगा।

# जालोर संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक 93.36 प्रतिशत मतदान सांचौर के पथमेड़ा में

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** जालोर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव के मतदान में सांचौर विधानसभा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दायां कमरा पथमेड़ा( मतदान केन्द्र संख्या 309) में सर्वाधिक 93.36 प्रतिशत मतदान हुआ वही सांचौर विधानसभा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कमरा नं. 3 सांचौर (मतदान केन्द्र संख्या 288 सांचौर में न्यूनतम 18.91 प्रतिशत मतदान हुआ।

जालोर संसदीय क्षेत्र (18) की रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि आहोर विधानसभा में सर्वाधिक मतदान राउप्रावि हववंतगढ़ (मतदान केन्द्र सं. 91) में 82.16 प्रतिशत व न्यूनतम राउमावि बायां भाग मेडा उपरला (217) में 34.73 प्रतिशत मतदान हुआ। जालोर विधानसभा में सर्वाधिक मतदान राउप्रावि कोलर (199) में 86.72 प्रतिशत व न्यूनतम राउमावि पुराना भवन बायां भाग कमरा नं नं. 2 माण्डवला (187) में 36.73 प्रतिशत मतदान हुआ। भीनमाल विधानसभा में सर्वाधिक राउप्रावि मामा नाड़ी सेवड़ी (89) में 83.66 प्रतिशत व न्यूनतम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धानसा कमरा नं. 5 (192) में 31.84 प्रतिशत मतदान रहा तथा रानीवाड़ा विधानसभा में सर्वाधिक राप्रावि वगतपुरा (155) में 90.30 प्रतिशत व न्यूनतम राउमावि दायां कमरा डोरडा (229) में 40.33 प्रतिशत मतदान हुआ ।

इसी प्रकार सिरोही विधानसभा में सर्वाधिक राउप्रावि वडेली (मतदान केन्द्र सं.-246) में 86.76 प्रतिशत व न्यूनतम राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय (198) में 38.15 प्रतिशत मतदान, पिण्डवाडा-आबू विधानसभा में राप्रावि रनोरा (208) में 86.36 प्रतिशत व न्यूनतम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (एडिशनल कैम्पस सेन्ट्रल पार्ट) पिण्डवाड़ा (30) में 39.02 प्रतिशत मतदान हुआ तथा रेवदर विधानसभा में सर्वाधिक राउप्रावि बायां भाग रेडवाकलां (191) में 89.44 प्रतिशत व न्यूनतम मतदान मुथा रा.व.आदर्श राउमावि दायां भाग (5 ) निम्बज में 40.13 प्रतिशत मतदान हुआ।

# जालोर संसदीय क्षेत्र में हुआ 62.48 प्रतिशत पुरूष मतदान व 63.35 प्रतिशत महिला मतदान

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** जालोर संसदीय क्षेत्र में 62.48 प्रतिशत पुरूष मतदान व 63.35 प्रतिशत महिला मतदान रहा जिसमें जालोर जिले में पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 62.70 व महिलाओं का 62.59 प्रतिशत मतदान रहा वही सिरोही जिले में पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 62.07 व महिलाओं का मतदान प्रतिशत 64.70 रहा।

जालोर जिले की आहोर विधानसभा में 55.28 प्रतिशत पुरूष व 58.92 प्रतिशत महिला मतदान, जालोर विधानसभा में 62.52 प्रतिशत पुरूष व 63.95 प्रतिशत महिला मतदान, भीनमाल विधानसभा में 62.21 प्रतिशत पुरूष व 62.58 प्रतिशत महिला मतदान, सांचौर विधानसभा में 68.26 प्रतिशत पुरूष व 63.75 प्रतिशत महिला मतदान, रानीवाडा विधानसभा में 64.37 पुरूष व 63.48 प्रतिशत महिला मतदान, सिरोही विधानसभा में 56.08 पुरूष, 60.26 प्रतिशत व महिला मतदान मतदान, पिण्डवाडा-आबू विधानसभा में 65.77 पुरूष व 68.75 प्रतिशत तथा रेवदर विधानसभा में 65.49 पुरूष व 66.22 प्रतिशत महिला मतदान रहा।

जालोर संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान में कुल 14 लाख 44 हजार 866 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें 7 लाख 53 हजार 197 पुरूष व 6 लाख 91 हजार 655 महिला मतदाताओं व 4 ट्रांसजेण्डर ने मतदान किया। आहोर विधानसभा क्षेत्र में कुल 156117 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 79443 पुरूष व 76674 महिला मतदाताओं ने मतदान किया वही जालोर विधानसभा क्षेत्र में 184991 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 96617 पुरूष व 88374 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। भीनमाल विधानसभा में कुल 195336 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 102780 पुरूष व 92556 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। सांचौर विधानसभा में 210243 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें 114923 पुरूष व 95320 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। रानीवाड़ा विधानसभा में कुल 175354 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 92736 पुरूष व 8 2618 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार सिरोही विधानसभा में कुल 178997 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 89576 पुरूष, 89420 महिला व 1 ट्रांसजेण्डर मतदाता ने मतदान किया। पिण्डवाड़ा-आबू विधानसभा में कुल 154575 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 78034 पुरूष व 76541 महिला मतदाताओं ने तथा रेवदर विधानसभा में कुल 189253 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 99088 पुरूष व 90162 महिला मतदाता व 3 ट्रांसजेण्डर ने मतदान किया।

# नर्सिंग अधीक्षक ज्योत्स्ना रुत मेरी व गिरीश जोशी का स्वागत



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** एमबी चिकित्सालय ,उदयपुर की नर्सिंग अधीक्षक ज्योत्स्ना रूत मेरी व सिनियर नर्सिंग आंफिसर गिरीश जोशी का उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं के लिए सभी वार्ड प्रभारी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर,माला, उपरणा, पगड़ी पहनाकर,शोल ओढ़ाकर, उपहार भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया । नरेश पूर्बिया ने बताया कार्य म में मुख्य अतिथि नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश पालीवाल एवं जगदीश पूर्बिया थे। संचालन पुष्कर वीरवार ने किया। कार्य म में नारायण सिंह ,अमीन खान पठान, हेमंत आमेटा, नरेश पूर्बिया, महेंद्र सिंह सारंगदेवोत, मोहनलाल सालवी, गणेश लाल डांगी , जितेंद्र भटनागर, शकीला अंसारी, सरोज धर्मावत, नरेंद्र जावरिया,रमीला, प्रवीण, लोकेश आहरी, भीम सिंह,अर्चना भाटी, सोनी उपाध्याय सहित सभी वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

# चन्दुप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर का शिलान्यास महोत्सव सम्पन्न वास्तुवलय विधान व हवन का किया आयोजन

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** उदयपुर के हिरण मगरी सेक्टर 5 के प्रभात नगर में श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट व समाज के संयोजन में निर्मित होने वाले शिखरयुक्त श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर के निर्माण कार्य प्रारंभ हेतु भगवान चनुप्रभु जिन वेदिका शिलान्यास महोत्सव प्रतिष्ठाचार्च विनोद पगारिया सागवाडा व वास्तु शिल्प शास्त्री पी. के जैन के तत्वावधान मे शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार भादावत ने बताया कि इस अवसर पर शुक्रवार को प्रात» भूमि शुद्धि,भूमि पूजन के बाद यजमान राजेश शाह परिवार द्वारा मुख्य अरिहन्त शिला व कूर्म शिला स्थापित की गयी साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा आठ दिशाओ मे आठ आयुध शिला की स्थापना की गई। सचिव दिनेश वक्तावत परिवार द्वारा नाभि दण्ड की स्थापना की गयी। मनोज चम्पावत द्वारा शान्तिनाथ भगवान का अभिषेक ,शान्तिधारा की गयी। बाद में वास्तुवलय विधान व हवन किया गया ,ध्वजारोहण वगेरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम समापन के पश्चात चन्द्रकुमार सागोटिया परिवार द्वारा स्नेह भोज का आयोजित किया गया।

# जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 75.91 प्रतिशत रहा दिव्यांग प्रतिशत सर्वाधिक दिव्यांग प्रतिशत रानीवाड़ा व न्यूनतम भीनमाल विधानसभा में रहा

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** लोकसभा आम चुनाव के तहत जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 75.19 प्रतिशत दिव्यांग प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें होम वोटिंग के माध्यम से 668 व मतदान केन्द्रों पर ईवीएम के माध्यम से 18238 दिव्यांगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जालोर संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 75.91 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें सर्वाधिक दिव्यांग प्रतिशत रानीवाड़ा विधानसभा में 85.98 प्रतिशत तथा न्यूनतम दिव्यांग प्रतिशत भीनमाल विधानसभा में 66.76 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार आहोर विधानसभा में 67.06 प्रतिशत, जालोर विधानसभा में 78.20 प्रतिशत, सांचौर विधानसभा में 8 2.20 प्रतिशत, सिरोही विधानसभा में 76.86 प्रतिशत, पिण्डवाड़ा-आबू विधानसभा में 67.06 प्रतिशत व रेवदर विधानसभा में 8 5.22 दिव्यांग प्रतिशत रहा।

उन्होंने बताया कि जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 18906 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें होम वोटिंग से 668 व मतदान केन्द्रों पर ईवीएम से 18238 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। आहोर विधानसभा में कुल 2742 दिव्यांगों में से होम वोटिंग द्वारा 107 व ईवीएम द्वारा 2635 दिव्यांगों, जालोर विधानसभा में कुल 2333 दिव्यांगों में से होम वोटिंग द्वारा 122 व ईवीएम द्वारा 2211 दिव्यांगों, भीनमाल विधानसभा में कुल 1898 दिव्यांगों में से होम वोटिंग द्वारा 33 व ईवीएम द्वारा 18 65 दिव्यांगों, सांचौर विधानसभा में कुल 2337 दिव्यांगों में से होम वोटिंग द्वारा 55 व ईवीएम द्वारा 2282 दिव्यांगों, रानीवाड़ा विधानसभा में कुल 2571 दिव्यांगों में से होम वोटिंग द्वारा 52 व ईवीएम द्वारा 2519 दिव्यांगों, सिरोही विधानसभा में कुल 2578 दिव्यांगों में से होम वोटिंग द्वारा 60 व ईवीएम द्वारा 2518 दिव्यांगों, पिण्डवाड़ा-आबू विधानसभा में कुल 1840 दिव्यांगों में से होम वोटिंग द्वारा 60 व ईवीएम द्वारा 1784 दिव्यांगों तथा रेवदर विधानसभा में कुल 2607 दिव्यांगों में से होम वोटिंग द्वारा 18 3 व ईवीएम द्वारा 2424 दिव्यांगों ने मतदान किया।

# प्रेक्षक की मौजूदगी में मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर का विधानसभा वार रेंडमाइजेशन किया गया

पदमावत मीडिया

**मंदसौर/नाहरगढ ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मंदसौर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्दीकी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर का विधानसभा वार रेंडमाइजेशन किया गया। चार विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 हजार 4 मतदान दल कर्मियों का एवं 426 माइक्रो आब्जर्वर का रेंडमाइजेशन किया गया। इसमें 10% रिज़र्व कर्मचारी भी शामिल है। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में 279 मतदान केंद्रों के लिए 307 मतदान दल बनाए गए हैं। जिसके लिए 1228 मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया। वहीं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 281 मतदान केंद्रों के लिए 309 मतदान दल बनाए गए हैं। जिसके लिए 1236 मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया। सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में 306 मतदान केंद्रों के लिए 337 मतदान दल बनाए गए हैं। जिसके लिए 1348 मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया। गरोठ विधानसभा क्षेत्र में 271 मतदान केंद्रों के लिए 298 मतदान दल बनाए गए हैं। जिसके लिए 1192 मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया।






# गर्मी में बच्चे की मालिश के लिए सबसे अच्छा है नारियल तेल

बच्चों की स्किन बहुत नाजुक होती है और उन्हें किसी भी चीज से नुकसान भी पहुंच सकता है। बच्चों की स्किन पर किसी भी तरह के प्रॉडक्ट्स या नेचुरल चीजों का भी इस्तेमाल करने से पहले दो बार सोचने की सलाह दी जाती है। इसी तरह मौसम बदलने के साथ ही बच्चों की मालिश के लिए तेल का चयन भी बहुत सावधानी से करना चाहिए हमारे घरों नें बड़ी-बुजुर्ग महिलाएं हमेशा से बच्चों की मालिश के लिए नेचुरल तेलों के इस्तेमाल की सलाह देती रहीं हैं। इसी तरह सर्दियों में और गर्मियों में मौसम के अनुसार अलग-अलग तरह के तेलों के इस्तेमाल की सलाह भी दी जाती है सर्दियों और बरसात के मौसम में शिशुओं को ठंड से बचाने के लिए सरसों के तेल और तिल के तेल से मालिश की जाती है। लेकिन, गर्मियों में इन दोनों के इस्तेमाल से बच्चे को अधिक गर्मी लग सकती है। इसी तरह बच्चों की स्किन को भी सरसों का तेल लगाने के बाद कुछ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

नारियल तेल से करें बच्चे की मालिश करने के फायदे

गर्मियों के दिनों में नारियल के तेल से बच्चे की मालिश करना ठीक हो सकता है। नारियल का तेल स्किन को नरिश करती है और इस तेल से मालिश करने के बाद बच्चा एक्टिव रहता है और उसकी हड्डियां मजबूत बनती हैं। इसी तरह नारियल के तेल से मालिश करने से ये फायदे भी मिलते हैं-

नारियल के तेल की तासीर ठंडी होती है इसीलिए, इससे मालिश करने से बच्चे को अधिक गर्मी महसूस नहीं होती।

नारियल तेल से मालिश करने के बाद स्किन आसानी से इसे सोख लेता है।

नारियल के तेल से मालिश करने से बच्चे की भूख न लगने की समस्या कम होती है।

कमजोर और कम वजन वाले बच्चों की तेल से मसाल करने से उनका वजन बढ़ने में मदद हो सकती है।

नारियल के तेल से मालिश करने से बच्चे के शरीर में रक्त का संचार या ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है जिससे बच्चा फुर्तिला और स्वस्थ महसूस करता है।

कब नहीं करनी चाहिए मालिश

दूध पिलाने के बाद तुरंत बच्चे की मालिश ना करें। बच्चा जब जाग रहा हो और खुश हो तब ही उसकी मालिश करें। सोते हुए बच्चे की मालिश नहीं करनी चाहिए।

एलर्जी टेस्ट करें

बच्चे की मालिश के लिएअगर कोई तेल पहली बार इस्तेमाल कर रहे हैं तो पूरे शरीर पर तेल अप्लाई करने से पहले एलर्जी टेस्ट जरूर करें। इसके लिए स्किन के किसी एक हिस्से पर थोड़ा-सा तेल लगाएं और उसके बाद कुछ समय इंतजार करें। इससे बच्चे को तेल से एलर्जी का पता लगाने में मदद होगी।

कितनी देर तक करनी चाहिए मसाज

बच्चे की मालिश 10 मिनट से 30 तक ही करें। उससे अधिक समय तक मालिश करने से बचें। अगर चाहें तो दिन में 2-3 बार बच्चे की मालिश कर सकते हैं।

**हम अपने अधिकतर काम उंगलियों की मदद से ही करते हैं, जैसे- लैपटॉप चलाना, मोबाइल में टाइप करना, खाना खाना इत्यादि। अगर आपको अर्थराइटिस की शिकायतहोती है, तो इन सभी कार्यों को सही ढंग से करने में काफी ज्यादा दिक्कतें हो सकती हैं।**



# उंगलियों पर अर्थराइटिस के संकेत

आधुनिक समय में लोगों को कई तरह की परेशानियां हो रही हैं, जिसमें अर्थराइटिस की परेशानी काफी ज्यादा कॉमन हो चुकी है। कम-कम उम्र में भी लोगों को अर्थराइटिस की दिक्कतें हो रही हैं। इसकी वजह से शरीर का कई अंग प्रभावित होता है। मुख्य रूप से अर्थराइटिस के कारण उंगलियों में काफी ज्यादा दर्द, सूजन जैसी दिक्कतें होने लगती है। इसके अलावा अर्थराइटिस के कारण अन्य समस्याएं होने लगती हैं। आइए जानते हैं अर्थराइटिस की वजह से उंगलियों में होने वाली समस्याएं कौन-कौन सी हैं?

## उंगलियों से काम करने में परेशानी

हम अपने अधिकतर काम उंगलियों की मदद से ही करते हैं, जैसे- लैपटॉप चलाना, मोबाइल में टाइप करना, खाना खाना इत्यादि। अगर आपको अर्थराइटिस की शिकायतहोती है, तो इन सभी कार्यों को सही ढंग से करने में काफी ज्यादा दिक्कतें हो सकती हैं।

## अंगिलयों में दर्द

अर्थराइटिस की स्थिति में आपकी उंगलियों में काफी ज्यादा दर्द होने लगता है। मुख्य रूप से उंगलियों के ज्वाइंट्स में दर्द होना काफी कॉमन है। ऐसे में मुट्ठी को बंद करते समय भी काफी तेज दर्द होता है।

हर ज्वाइंट पेन का मतलब अर्थराइटिस ही नहीं है, आर्थ्राल्जिया भी हो सकता है दर्द का कारण

जोड़ों में इन्फेक्शन की वजह से चलने में हो सकती है परेशानी, जानिए क्या है सेप्टिक गठिया और इसका इलाज

30 के बाद ढहती हड्डियों को मजबूत करेंगे ये आयुर्वेदिक हर्ब्स, 1 सप्ताह तक इस तरह करें इस्तेमाल

## उंगलियों का सुन्न होना

अर्थराइटिस की परेशानी होने पर उंगलियों में दर्द होने के साथ-साथ काफी ज्यादा सुन्नता और झनाझनाहट भी महसूस होता है। अगर आपको इस तरह के संकेत दिख रहे हैं, तो फौरन अपने हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह लें। ताकि आपका समय पर इलाज हो सके।

## उंगलियों में सूजन

अर्थराइटिस की शिकायत होने पर उंगलियों के आसपास काफी ज्यादा सूजन और रेडनेस नजर आता है। अगर आपको इस तरह के संकेत दिख रहे हैं, तो फौरन अपने हेल्थ एक्सपर्ट की मदद लें। ताकि आपकी परेशानी कम हो सके।

## चीजों को पकड़ने में परेशानी

अर्थराइटिस आपकी उंगलियों को काफी हद तक प्रभावित करता है। ऐसी स्थिति में आपको चीजों को पकड़ने में काफी ज्यादा परेशानी का अनुभव होता है। अगर आपको चीजों को पकड़ने में तकलीफ हो रही है, तो फौरन एक्सपर्ट की राय लें। ताकि आपकी स्थिति को गंभीर होने से रोका जा सके।




अर्थराइटिस यानी गठिया को आमतौर पर बुजुर्गों की बीमारी समझा जाता है। यह बीमारी ज्यादातर उम्रदराज लोगों में देखने को मिलती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चों को भी गठिया की समस्या हो सकती है? जी हां, 16 साल से कम उम्र के बच्चे भी अर्थराइटिस की समस्या का शिकार हो सकते हैं। बच्चों को होने वाले अर्थराइटिस को जुवेनाइल इडियोपैथिक अर्थराइटिस कहते हैं। यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम गलती से जोड़ों पर ही अटैक करने लगता है। इसके कारण हड्डियों और जोड़ों में दर्द और जकड़न की शिकायत रहती है। अगर समय रहते इलाज न किया जाए, तो यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। ऐसे में जरूरी है कि माता-पिता बच्चों में अर्थराइटिस के लक्षणों को पहचाने और इससे बचाव के लिए सही कदम उठाएं। आज इस लेख में हम आपको बच्चों में गठिया के लक्षण और बचाव के उपाय बताने जा रहे हैं।

बच्चों में गठिया के लक्षण

अगर बच्चा अक्सर सोकर उठने के बाद शरीर में दर्द और अकड़न महसूस करता है, तो यह अर्थराइटिस का संकेत हो सकता है।

अगर बच्चे को अक्सर हाथ, पैरों, टखनों, कंधों और कोहनी में दर्द रहता है, तो यह गठिया के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं।

बच्चे के जोड़ों के आसपास सूजन भी गठिया की बीमारी का एक संकेत हो सकता है।

बच्चों की आंखों में सूजन या लालिमा भी अर्थराइटिस के लक्षणों में शामिल है।

अगर बच्चे का अचानक से शरीर का वजन कम होने लगे, तो यह भी जुवेनाइल अर्थराइटिस का लक्षण हो सकता है।

अगर बच्चा अक्सर थका हुआ और सुस्त महसूस करता है, तो इसे नजरंदाज न करें।

तेज बुखार होना या पूरे शरीर पर रैशेज होना भी जुवेनाइल अर्थराइटिस के लक्षणों में शामिल है।

बच्चों में गठिया के बचाव के उपाय -

अगर आपको अपने बच्चे में अर्थराइटिस के लक्षण नजर आ रहे हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बच्चों को अर्थराइटिस से बचाने के लिए उनके खानपान और लाइफस्टाइल का खास ध्यान रखें। अपने बच्चों की डाइट में हरी सब्जियां, विटामिन-सी और विटामिन-डी से भरपूर फूड्स, ड्राई फ्रूट्स दूध पनीर और अंडे जैसी चीजों को शामिल करें।



# कान छिदवाने के कारण हो गया है संक्रमण, तो घरेलू उपचार दिला सकते हैं छुटकारा

**ईयर पीयर्सिंग इन्फेक्शन होने पर पूरी तरह से ठीक होने में कई सप्ताह लग सकते हैं। कान छिदवाने पर होने वाला संक्रमण लाल, सूजा हुआ, दर्द, गर्म, खुजली वाला या टेंडर स्किन हो सकता है।**

कानों में आकर्षक झुमके वाकई प्यारे लगते हैं। इसके लिए ईयर पीयर्सिंग होना जरूरी है । कभी- कभारईयर पीयर्सिंग के कारण कान में सूजन, रेडनेस या जलन जैसी समस्या होने लगती है। इसके पीछे संक्रमण जिम्मेदार हो सकता है। ईयर पीयर्सिंग के कारण होने वाला संक्रमण आम है। आमतौर पर संक्रमण अपने आप ठीक हो जाते हैं। कभी-कभार समस्या सधिक होने पर डॉक्टर को दिखाना पड़ता है। मां कहती है कि कान छिदवाने पर हुए संक्रमण को सही घरेलू उपचार के साथ ठीक किया जा सकता है।

### कैसे हो जाता है संक्रमण

कान छिदवाना या ईयर पीयर्सिंग कान के लोब या मध्य या ऊपरी कान में कार्टिलेज के माध्यम से किया जाने वाल छेद है। पियर्सिंग कार्टिलेज के माध्यम से होने के कारण संक्रमण होता है। कार्टिलेज कान के रिम में मौजूद कठोर ऊतक होता है। नया किया गया छेद एक खुला घाव है, जिसे जर्म इन्फेक्शन होने का डर बना रहता है। उस दौरान घाव में प्रवेश करने वाला कोई भी बैक्टीरिया संक्रमण का कारण बन सकता है।

### क्या हो सकते हैं लक्षण

ईयर पीयर्सिंग इन्फेक्शन होने पर पूरी तरह से ठीक होने में कई सप्ताह लग सकते हैं। कान छिदवाने पर होने वाला संक्रमण लाल, सूजा हुआ, दर्द, गर्म, खुजली वाला या टेंडर स्किन हो सकता है। कभी-कभी होल से ब्लड निकले लगता है। इससे सफ़ेद, पीला या हरा मवाद भी निकल सकता है।

### ईयर पीयर्सिंग के कारण होने वाले संक्रमण को ठीक करने के उपाय

यह संभवतः एक छोटा संक्रमण होता है, जिसका घर पर इलाज किया जा सकता है। नरम ऊतकों में मामूली संक्रमण के लिए ये उपाय किये जा सकते हैं।

### 1 नमक का घोल तैयार करें

सबसे पहले अपने हाथों को साबुन और पानी से धो लें। 1 कप पानी में लगभग 1/2 चम्मच नमक मिलाकर नमक का घोल तैयार कर लें। नमक घुलने तक मिश्रण को हिलाती रहें।

### 2 संक्रमण के स्थान पर नमक का घोल लगाएं

पियर्सिंग ज्वेलरी को नहीं हटाएं। उसे उसी स्थान पर लगा रहने दें। नमक के घोल में कॉटन बॉल भिगो लें। इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं।

### 3 इन्फेक्टेड एरिया को साफ़ करें

प्रभावित क्षेत्र को साफ कॉटन या टिश्यू से धीरे से थपथपाकर सुखा लें। फिर प्रोडक्ट लेबल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार ओवर-द-काउंटर एंटीबायोटिक क्रीम की थोड़ी मात्रा लगा लें। ये नियोस्पोरिन, बेसिट्रैसिन या अन्य क्रीम भी हो सकती हैं।

### 4 पियर्सिंग ज्वेलरी को चिपकने नहीं दें

पियर्सिंग ज्वेलरी के त्वचा से चिपकने पर स्किन पर घाव हो सकते हैं। यह दर्द कर सकता है। इसलिए पियर्सिंग ज्वेलरी को त्वचा से चिपकने से रोकने के लिए उसे दिन भर में कुछ बार घुमा लिया करें। संक्रमण ठीक होने तक दिन में तीन बार ऐसा करें।

### 5 फोन का साफ़ रहना जरूरी

यह भी सुनिश्चित करें कि आपके फ़ोन साफ़ हों। आप हर दो दिन में अपने तकिए का कवर साफ़ करके बदलें। अगर तीन दिनों में संक्रमण ठीक नहीं होता है, तो डॉक्टर से सलाह लें।

## संक्रमण से बचाव के उपाय

ईयर पीयर्सिंग इन्फेक्शन होने पर पूरी तरह से ठीक होने में कई सप्ताह लग सकते हैं। पियर्सिंग करवाने के बाद अपने कानों को दिन में दो बार उपलब्ध रिंस या स्टेराइल सलाइन से साफ करें। ज्वेलरी को तुरंत नहीं खोलें, इससे त्वचा को चोट लग सकती है और संक्रमण हो सकता है। कान की बाली निकाले बिना पियर्सिंग के आस-पास की सफाई कर सकती हैं। इसे बार-बार नहीं छूएं या उनसे नहीं खेलें। यह संक्रमण शुरू होने का एक आम तरीका है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) | सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है|